सूर्योदय 6:05 सूर्यास्त 6:19
मुज़फ़्फ़रनगर
अधिकतम 33.7
न्यूनतम 21.9

49 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2019-21 मूल्य 1/-

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

Web : muzaffarnagarbulletin.co.in संस्थापक : उत्तम चन्द्र शर्मा (M. 9837042840) सम्पर्क सूत्र : ( कार्यालय ) 9368549219
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

वर्ष-49 | अंक-259 | रविवार 19 सितम्बर, 2021 | भाद्रपद, शुक्ल पक्ष-चतुर्दशी, सम्वत् 2078 | पृष्ठ-4

जीवन में 'सुखी' रहने के लिए दो 'शक्तियों' का होना जरूरी है। पहली 'सहनशक्ति' और दूसरी 'समझशक्ति'..

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है**

पूरे देश का डीएनए एक है और इसलिए भारत एक है : योगी



भाईचारे को बढ़ाना फ़र्ज़ है इन्सान का.....

# खत्तों को खुद-बुर्द करने से नाराज परिवारों ने लिखवा मकान बिकाऊ है

## ❑मामला दो समुदायों का होने के कारण प्रशासन में हड़कंप
## ❑समझा–बुझाकर प्रशासन ने फिलहाल पलायन रुकवाया

जानसठ, १८ सितंबर (बु.)। गांव अखलाखपुरा में गांव प्रधान द्वारा सालों से पड़े हरिजन समाज के खत्तों को खुर्द बुर्द करने से नाराज लोगों ने अपने घरों पर घर बिकाऊ है लिखवा दिया, जिससे प्रशासन में हड़कंप मच गया। आनन–फानन में राजस्व की टीम व पुलिस ने मौके पर पहुंचकर हरिजन समाज के लोगों को दोबारा वापिस काबिज कराया। मामला दो समुदाय का होने के कारण गांव में तनाव की स्थिति बनी हुई है। गांव अखलाख पुरा में गांव के नजदीक ही खत्तो की जमीन पड़ी हुई है, जिसपर अधिकतर हरिजन समाज के लोग अपनी कुडी डालते हैं। शुक्रवार की शाम अचानक से गांव प्रधान पति खालिद जेसीबी लेकर मौके पर पहुंचे और वहां पड़ी कुडी को वहां से खुर्द बुर्द कर दिया। जिससे हरिजन समाज के लोगों में रोष फैल गया। उन्होंने हंगामा शुरू कर दिया, तो मौके पर पुलिस पहुंची और लोगों को शांत किया, लेकिन तब तक प्रधान की जेसीबी ने उनकी कुडी आदि को खुर्द बुर्द कर दिया था। शनिवार की सुबह नाराज लोगों ने अपने घरों के बाहर यह मकान बिकाऊ है लिखवा दिया और दर्जनों लोगों ने कोतवाली में पहुंचकर अपना रोष प्रकट किया। गांव निवासी ध र्म सिंह, मांगेराम, विनोद कुमार, राजू, सोनू, पूरण, राजेंद्र, महेंद्र आदि ने बताया कि उनके समाज के गांव में केवल २०–२५ घर हैं बाकी सब अल्पसंख्यक समाज के लोग हैं। गांव प्रधान पति ने उनकी खत्तों की जमीन पर जबरन जेसीबी चला दी, जिससे वहां पर अपने समाज के लोगों का कब्जा करा सके। उन्होंने बताया कि पहले ही कई लोगों ने उस पर कब्जा करके मकान बना लिए है। इंस्पेक्टर डी.के. त्यागी उन लोगों को लेकर संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंचे और वहां पर अधिकारियों को पूरे मामले की जानकारी दी, जिससे प्रशासनिक अधिकारियों में हड़कंप मच गया। उन्होंने तुरंत ही टीम बनाकर मौके पर भेजा। जहां पर पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने लोगों को वापिस उस खत्तों पर हरिजन समाज के लोगों की कुडी आदि डलवाई। और घरों पर लिखे संदेश को मिटवाया, लेकिन अभी भी हरिजन समाज के लोगों में रोष बना हुआ है। मामला दो समुदाय से जुड़ा होने के कारण गांव में तनाव बना हुआ है। इंस्पेक्टर डी.के. त्यागी ने बताया कि गांव में राजस्व व पुलिस की टीम भेजकर मामले का शांत करा दिया गया है। गांव में तनाव जैसी कोई बात नहीं है।

## लुटेरे को 6 वर्ष की कैद व जुर्माने की सजा

मुजफ्फरनगर, 18 सितम्बर ( बु. )। व्यापारी से दिनदहाड़े लूट करने के आरोपी को आज अदालत ने दोषी मानते हुए 6 वर्ष की कैद व एक हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। वर्ष 2015 में थाना शाहपुर क्षेत्र में दिनदहाड़े लूट की वारदात हुई थी। 16 फरवरी 2015 को थाना शाहपुर इलाके में बुढ़ाना से मुजफ्फरनगर आ रहे दुकानदार से दिन–दहाड़े दो लाख 70 हजार रुपये लूट लिये गए थे। मामले की सुनवाई एसीजेएम प्रथम प्रशान्त कुमार सिंह की कोर्ट में हुई अभियोजन की ओर से अभियोजन अधिकारी रामावतार सिंह ने पैरवी की अभियोजन की कहानी के अनुसार 16 फरवरी 2015 को दुकानदार मौहम्मद रईस अपनी दुकान बंद कर बाइक पर बुढ़ाना से मुजफ्फरनगर आ रहा था थाना शाहपुर के उमरपुर भट्टे के निकट मोटरसाईकिल सवार दो बदमाशों ने उससे दो लाख 70 हजार रुपये लूट लिए ओर फरार हो गए। बाद में पुलिस ने दीपक पुत्र श्रीपाल सैनी को गिरफ्तार कर उसके पास से 7 हजार रुपये बरामद कर जेल भेजा था। यह मुकदमा एसीजेएम प्रथम प्रशान्त कुमार सिंह की अदालत में विचाराधीन था। पुलिस ने चार्जशीट अदालत में दाखिल कर दी थी। विद्वान न्यायाधीश ने दोनों पक्षों की बहस और गवाहों को सुनने के बाद आरोपी दीपक को दोषी करार देते हुए उसे 6 वर्ष के सश्रम कारावास और एक हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना अदा ने करने पर एक वर्ष की अतिरिक्त सजा काटनी पड़ेगी।

## मोटर साइकिल की साइड लगने पर मारपीट में महिला सहित चार हुए घायल



भोपा, १८ सितम्बर (बु.)। मोटरसाइकिल की टक्कर लगने पर मोटरसाइकिल सवार युवक व उसके परिजनों और जानलेवा हमला किया, जिसमें महिलाओं सहित चार घायल हो गये। मारपीट में घायलों ने थाने पहुंचकर पुलिस से कार्रवाई की गुहार लगाई। पुलिस ने उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया। ग्राम भोपा में मोटरसाइकिल सवार युवक ने घर के बाहर खड़े एक व्यक्ति को टक्कर मार दी, जिसमें व्यक्ति द्वारा युवक का विरोध किया गया, तो युवक ने मोटरसाइकिल को घर खड़ी कर अपने परिजनों के साथ लाठी–डंडों से घर पर हमला बोल दिया, जिसमें महिलाओं सहित चार गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल नेत्रपाल ने बताया कि वह अपने घर के सामने खड़ा था, तभी मोटरसाइकिल लेकर आ रहे गांव के ही एक युवक ने उसे टक्कर मार दी, जिस पर पीड़ित ने टक्कर मारने का विरोध किया, तो युवक अपने परिजनों के साथ लाठी–डंडे व धारदार हथियार लेकर आया और पीड़ित के घर पर हमला बोल दिया, जिसमें पीड़ित की पत्नी, एक बेटी व एक बेटा गंभीर रूप से घायल हो गए। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ तहरीर लेकर थाने पहुंचे, वहीं पुलिस ने तहरीर लेकर युवक को मेडिकल के लिए भेज दिया है।

## बुढ़ाना कोतवाली के दारोगा योगेंद्र सिंह जान जोखिम में डाल, नहर में ढूंढ रहे सोनू की लाश

बुढ़ाना, 18 सितम्बर ( बु. )। लगभग 10 दिन पूर्व प्रेम प्रसंग के चलते मौत के घाट उतार दिये गये परासौली के सोनू कश्यप का शव अभी तक भी बुढ़ाना पुलिस बरामद नहीं कर पाई है, हालांकि बुढ़ाना कोतवाली में तैनात सब इंस्पेक्टर योगेंद्र सिंह, हैड कांस्टेबल वकार अहमद और कांस्टेबल कुलवंत सिंह लगातार दो दिनों से अपनी जान जोखिम में डालकर सठेडी गंगनहर से लेकर सरधना गंगनहर तक के एरिये में नहर के अंदर गोताखोरों की मदद से सोनू कश्यप के शव को तलाश रहे हैं। उधर परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार विनोद पुत्र बल्ला कश्यप निवासी परासोली ने बुढ़ाना कोतवाली में दी गई तहरीर में बताया था कि उसका पुत्र सोनू बीती 02 सितंबर को लगभग दो बजे उसको यह कहकर घर से निकला था कि वो काम के लिये बाहर जा रहा है। बीती 4 सितंबर को सायं के समय उसके पुत्र सोनू ने फोन पर उससे बातचीत की थी। उसके बाद से उसके पुत्र सोनू का फोन बन्द हो गया और कई रोज तक उसने फोन पर अपने पुत्र से बातचीत करने का प्रयास किया, लेकिन फोन बन्द होने के कारण कोई बातचीत नहीं हुई। आशंका के कारण उसने बीती 9 सितंबर को थाना बुढ़ाना में अपने पुत्र सोनू की गुमशुदगी की लिखित तहरीर दी। बुढ़ाना पुलिस की लोकेशन के अनुसार उसके पुत्र सोनू की खबर प्रियंका पाल पुत्री नैन सिंह निवासी कमरूदीननगर उर्फ सैनपुर कोतवाली बुढ़ाना के पास नोएडा में होने की मिली। बीती 14 सितंबर को वह अपने साथ गांव से 05 लोगों को लेकर नोएडा गया, वहां पर प्रियंका पाल के साथ नीरज पुत्र ओमप्रकाश निवासी जाह थाना दादो जिला अलीगढ़ मिला। उसने तत्काल 112 नम्बर पर फोन करके पुलिस को बुलाया। पुलिस ने प्रियंका पाल व नीरज को अपनी हिरासत में लिया। बीती 15 सितंबर को वह फिर दोबारा 10 लोगों के साथ परासौली पुलिस चौकी प्रभारी शैलेन्द्र सिंह और एक कांस्टेबल को लेकर नोएडा गया। तब परासौली चौकी इन्चार्ज एवं कॉन्स्टेबल ने प्रियंका पाल और नीरज को 112 नंबर की पुलिस से अपनी हिरासत में लेकर बातचीत की, तो प्रियंका पाल ने अपने साथी नीरज की मदद से उसके पुत्र सोनू की हत्या करना स्वीकार किया। पुलिस को दोनों प्रेमी प्रेमिका ने बताया कि उन्होंने सोनू



की लाश सठेड़ी गंगनहर में डाल दी है। तब बीती शुक्रवार के दिन से आज शनिवार की देर शाम समाचार लिखे जाने तक भी सोनू कश्यप की लाश का कोई पता नहीं लग पाया था। पुलिस भी शव को खोजने में लगी थी।

## एस.डी.एम. ने जांच के बाद लेखपाल को किया निलंबित

मुजफ्फरनगर, 18 सितम्बर ( बु. )। रिश्वतखोर लेखपाल को तहसीलदार द्वारा सौंपी गई जांच रिपोर्ट के आधार पर प्रथम दृष्टया दोषी मानते हुए एसडीएम सदर द्वारा तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। हालांकि इस मामले में किसी शिकायतकर्ता के सामने न आने के कारण हुई उक्त कार्रवाई को लेकर सदर तहसील में चर्चा जारी रही। बीते दिवस सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो मामले में सदर एसडीएम दीपक कुमार ने आरोपी लेखपाल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। आरोपी लेखपाल बीते दिवस एक किसान से रिश्वत लेते हुए दिखाई दे रहे थे। इस मामले की शिकायत बाद में ग्राम पिन्ना निवासी सुमित मलिक ने डीएम चंद्र भूषण सिंह से की थी। डीएम ने इस मामले की जांच एसडीएम सदर दीपक कुमार को सौंपी थी। मामले में बाद में जांच अधिकारी व तहसीलदार सदर अभिषेक सहाय ने जांच रिपोर्ट एसडीएम को सौंप दी। जांच में लेखपाल वेद प्रकाश को रिश्वत लेते हुए दिखाई देने को आधार मानते हुए प्रथम दृष्टया दोषी मानते हुए तत्काल प्रभाव से निलंबित करने की संस्तुति की गई थी। आरोपी लेखपाल वेदप्रकाश ग्राम पिन्ना का क्षेत्र के साथ ग्राम किनौनी का अतिरिक्त चार्ज भी उसे मिला था। बता दें कि जिले में लगातार रिश्वतखोरी के वीडियो वायरल होने का क्रम जारी है, जिसको लेकर लेखपालों की फजीहत हो रही है, इससे पूर्व ग्राम पिन्ना के लेखपाल को 2 वर्ष पूर्व जमीन चढ़ाने के नाम पर रिश्वत लेते एन्टी करप्शन की टीम ने पकड़ा था। वहीं खतौली के लेखपाल को भी रिश्वत की वीडियो वायरल होने के बाद पूर्व में निलंबित किया जा चुका है।

## टाउनहाल बिजलीघर की क्षमता बढ़ाने की मिली मंजूरी

### ❑जल्द ही बिजलीघर को दस एमवीए का मिलेगा ट्रांसफार्मर

मुजफ्फरनगर, 18 सितम्बर ( बु. )। नगरीय क्षेत्र में टाउनहाल रोड बिजलीघर से अब सप्लाई में सुधार होगा। बदले हालातों के बीच इस बिजलीघर के क्षमता वृद्धि के प्रस्ताव को शासन स्तर से मंजूरी मिल गई है। अब पॉवर कारपोरेशन जल्द ही टाउनहाल रोड बिजली घर की क्षमता वृद्धि कराने जा रहा है। अधिकारियों की माने तो यहां पर दस एमवीए का नया ट्रांसफार्मर लगाया जाएगा, जिससे बिजली सप्लाई में सुधार होने के साथ ही व्यस्त बाजारों में ओवरलोड की समस्या के निदान के साथ स्थानीय लोगों को राहत मिलेगी। नगरीय क्षेत्र में टाउनहाल रोड बिजलीघर पर मुख्य बाजारों के साथ बड़े प्रतिष्ठानों के अलावा पॉश कालोनी को आपूर्ति के बीच सबसे अधिक भार बढ़ा है। गर्मी में यह बिजलीघर ओवरलोड रहने की समस्या बनी रहती है। जिस कारण इस बिजलीघर से सप्लाई काफी प्रभावित रही है। भीषण गर्मी में तो यह बिजलीघर कर ओवरलोड के कारण हॉपने ही लगता है। वहीं इस बिजलीघर से आपूर्ति प्रभावित रहती है। कई बार बिजलीघर के ओवरलोड होने के कारण इस बिजलीघर में फाल्ट की समस्या आम बात है। इसके चलते टाउनहाल रोड पर रखा ट्रांसफार्मर भी फुंक गया था। इन्हीं समस्याओं के चलते हुए टाउनहाल रोड की क्षमता वृद्धि के लिए पॉवर कारपोरेशन ने शासन स्तर पर प्रस्ताव भेजा था, जिसे अब बिजलीघर की क्षमता वृद्धि के लिए मंजूरी मिल गई है। टाउनहाल रोड बिजलीघर पर पहले ही दस एमवीए का ट्रांसफार्मर रखा हुआ है। अब इस बिजलीघर पर दस एमवीए का एक ओर ट्रांसफार्मर रखे जाने की मंजूरी मिल गई है, जिससे क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति जन्द ही दुरूस्त हो जाएगी। एक्सईएन ओपी मिश्रा ने बताया कि टाउन हाल रोड बिजलीघर पर अब दस एमवीए का एक नया ट्रांसफार्मर रखा जाएगा, जिससे क्षेत्र की सप्लाई में सुधार होगा।






## किसान को ट्यूबवैल कनेक्शन पर ही कोल्हू चलाने की दी जाये अनुमति

मुजफ्फरनगर, १८ सितंबर (बुस.)। दी गुड़ खाण्डसारी एण्ड ग्रेन मर्चेन्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय मित्तल व मंत्री श्यामसिंह सैनी ने मुख्यमंत्री व ऊर्जा मंत्री को पत्र लिखकर मांग की कि सरकार ने किसानों को उनके ट्यूबवैल कनैक्शन पर ही कोल्हू में गन्ना पेरकर गुड़ बनाने की अनुमति तुरंत प्रदान कर दी थी, परन्तु अभी तक सभी किसान इसका फायदा नहीं उठा पा रहे हैं। सर्वविदित है कि गन्ने से गुड़–शक्कर बनाने के कुटीर उद्योग से समाज का अति पिछड़ा वर्ग जुड़ा हुआ है। एक कोल्हू के चलने से गुड़ बनाने से लेकर मंडी में लाकर गुड़ बेचने तक सैंकड़ों परिवारों को रोजगार व मजदूरी मिलती है तथा साथ ही गांव का युवा वर्ग अपराधिक कार्यों से बचा रहता है। पूर्व सरकारों की नीतियों व अफसर शाही के कारण पश्चिमी उत्तर प्रदेश में 'क्रेशर' जैसा कुटीर उद्योग जो गांव–गांव में फैला था, पहले ही बंद हो चुका है। मजबूर होकर किसान अपना गन्ना चीनी मिलों को उनकी दया पर उधार बेचने को मजबूर हो गया है। अधिकांशतः ट्यूबवैलों पर विद्युत उपभोग बताने के लिए मीटर भी लगे हुए हैं। चंद कोल्हू जो मैन रोड पर चल रहे हैं, उन पर दबाव बनाकर अस्थाई विद्युत कनैक्शन दिला दिया जाता है, जबकि असंख्य कोल्हू, जो इंटिरियर में चल रहे हैं, उनसे हर महीने मोटी धनराशि अवैध रूप से विजिलैंस की पुलिस टीम का डर दिखाकर व छापेमारी करके विद्युत–विभाग द्वारा वसूल की जा रही है।

## दून वैली पब्लिक स्कूल में किया गया ऑनलाइन कोडिंग वेबीनार का आयोजन

मुजफ्फरनगर, १८ सितम्बर (बुस.)। द दून वैली पब्लिक स्कूल में त्रिदिवसीय ऑनलाइन कोडिंग वेबीनार का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय के कक्षा ६,७,८ के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। इस वेबीनार के अंतर्गत छात्रों को कोडिंग और एनिमेशन के विषय में जानकारी दी गई, जिसमें उन्हें एनिमेशन और गेम डिजाइनिंग, रोबोटिक, पाइथन, कोडिंग, ३D पेंटिंग, हॉबी एक्टिविटी आदि जानकारी दी गई। विद्यालय के चेयरमैन राज किशोर गुप्ता, डॉयरेक्टर अनुराग सिंघल, प्रधानाचार्या श्रीमती सीमा शर्मा, ब्रांच हैड श्रीमती जसवीर भी समय पर उपस्थित रही। अंत में विद्यालय की ब्रांच हैड जसवीर कौर ने आईरोबोकिड की समस्त टीम मिस चित्रा, मिस ममता व मिस गुंजल का धन्यवाद किया और बताया कि इस प्रकार के वेबीनार के आयोजन द्वारा छात्रों को नई–नई चीजों को सीखने का अवसर मिलता है और उनके ज्ञान में वृद्धि होती है, साथ ही उन्होंने बताया कि विद्यालय में इस प्रकार के वेबीनार का आयोजन समय–समय पर होता रहता है, जिससे छात्रों को नई चीजों की जानकारी भी समय–समय पर मिलती रहें।

## २० सितम्बर से होगी, सत्संग भवन में श्रीराम कथा

मुजफ्फरनगर, १८ सितंबर (बुस.)। शामली रोड स्थित सत्संग भवन में आगामी २० से २८ सितम्बर तक श्रीराम कथा का आयोजन हनुमत धाम शुक्रतीर्थ के महामण्डलेश्वर श्रीश्री १००८ केशवानंद सरस्वती जी महाराज की प्रेरणा से होने जा रहा है। मानस मर्मज्ञ पं० श्याम शंकर मिश्र प्रतिदिन दोपहर तीन बजे से सायं छः बजे तक श्रद्धालुओं को श्रीराम कथा का अमृतपान करायेंगे। उपरोक्त कथा स्व. श्री मुकेश गर्ग (नगरपालिका वाले) की पुण्य स्मृति में उनके सुपुत्रों सम्राट गर्ग व विराट गर्ग द्वारा कराई जा रही है। सत्संग भवन परिवार एवं स्व. मुकेश गर्ग की धर्मपत्नी रीता गर्ग ने नगर की समस्त धर्म प्रेमी जनता से अपील की है कि प्रतिदिन सत्संग भवन पहुंचकर, पितृ पक्ष में श्रीराम कथा का श्रवण अवश्य करें।

## अनंत चतुर्दशी आयोजन आज

मुजफ्फरनगर, १८ सितंबर (बुस.)। दिगम्बर जैन समाज के दशलक्षण पर्व के अंतिम दिन रविवार को ब्रह्मचर्य व्रत के रूप में अनंत चतुर्दशी की पूजा आदि धार्मिक आयोजन दिगम्बर जैन मंदिर जैन मिलन विहार मुजफ्फरनगर में किया जायेगा। १० दिन तक उपवास अनेकों श्रद्धालुओं ने रखकर कर्म निर्जरा की है। प्रातः से ही थाली चढ़ाकर दानादि सभी ११ मंदिरों में भाव रखेंगे। मन को वश में रखकर कामादि से निवृर्ति करना ही ब्रह्मचर्य व्रत की साधना करके मानव आत्मा से परमात्मा बन सकता है। कार्यक्रम में मुख्यतः विनोद मित्तल, बाई.के. जैन, रमेशचंद मंत्री, पवन–मनोज जैन, अनिल–आदिश जैन, श्राविका ऊषा जैन, नीलम जैन, अलका–कुसुम जैन सहित भारी संख्या में श्रद्धालुजन उपस्थित रहते हैं।

## उ.प्र. व्यापार संगठन से नहीं कोई सम्बन्ध

मुजफ्फरनगर, १८ सितंबर (बुस.)। उ.प्र. व्यापार संगठन की नगर इकाई द्वारा गोल मार्किट व्यापार संघ एवं नगरपालिका एसोसिएशन के पदाधिकारियों एवं संगठन का नाम अपने संगठन के नाम के साथ जोड़ा जा रहा है। इस विषय में हमारा कथन हैं कि हमारा उनके संगठन एवं पदाधिकारियों के साथ किसी प्रकार का कोई सम्बन्ध नहीं है। इसलिए उनके द्वारा मीडिया में डाले गये फोटो एवं विज्ञप्ति का खण्डन करते हुए हम उनके इस कृत्य की घोर निंदा करते हैं।

मुजफ्फरनगर बुलेटिन



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्री उत्तम चन्द्र शर्मा ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224–सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223–सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224–सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक– अंकुर दुआ
उप–सम्पादिका–श्रीमति पूजा दुआ
☎, (प्रकाशक)–98370-42840, 94127-10840
विज्ञापन–9368549219 (नि.) 7983359929,
सम्पादक– 9412210257
e-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com



## पंजाब की दो बार कमान संभालने वाले कैप्टन ने मुख्यमंत्री पद से दिया इस्तीफा

चंडीगढ़ ,18 सितंबर ( वार्ता ) पंजाब की दो बार कमान संभाल चुके कैप्टन अमरिंदर सिंह ने लंबे समय से चली आ रही पार्टी की अंतरकलह से तंग आकर आज शाम मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देकर सभी अटकलों पर विराम लगा दिया। उनके साथ उनके मंत्रिमंडल के सहयोगियों ने भी इस्तीफा दे दिया। 11 मार्च 1942 को पटियाला घराने में जन्मे कैप्टन सिंह राजनीति में आने से पहले सेना में रहे । वह 1963 में सेना में शामिल हुये और 1965 के शुरू में सेना छोड़ दी लेकिन भारत पाक युद्ध की संभावनाओं के चलते वह सेना में फिर शामिल हो गये और युद्ध समाप्ति के बाद सेना से इस्तीफा दे दिया। उसके बाद कैप्टन सिंह 1980 में पंजाब की राजनीति में उतरे और कांग्रेस प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड़ा और जीत दर्ज की । उसके बाद 1984 में आपरेशन ब्लू स्टार से नाराज होकर वह अकाली दल में शामिल हो गये । वह राज्यसभा सदस्य भभी रहे । उसके बाद उन्होंने अकाली दल को अलविदा कह दिया और कांग्रेस में शामिल हो गये तथा वर्ष 1999 से 2002 ततक कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष रहे। कैप्टन सिंह 2002 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की जीत के बाद मुख्यमंत्री बने और 2007 तक इसी पद पर रहकर राज्य की सेवा की । उसके बाद अकाली -भाजपा गठबंधन की सरकार बनने के बाद से दस साल तक वह कांग्रेस विधायक रहे और 2017 में कांग्रेस के भारी बहुमत से वापसी के बाद वह फिर मुख्यमंत्री बने और पिछले साढ़े चार सालों से राज्य की कमान संभालते रहे ।

## सिद्धू को अगर मुख्यमंत्री का चेहरा बनाया तो विरोध करूंगा: अमरिंदर

चंडीगढ़, 18 सितम्बर( वार्ता ) पंजाब के कार्यवाहक मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह ने कहा है कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू को अगर पार्टी मुख्यमंत्री पद का चेहरा बनाती है तो वह इसका कड़ा विरोध करेंगे। कैप्टन सिंह ने राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित को आज सायं यहां राजभवन में मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा सौंपने के बाद अपने सरकारी आवास पर विभिन्न मीडिया चैनलों से बातचीत में प्रदेश पार्टी में अचानक घटित इस घटनाक्रम और उनके इस्तीफे को लेकर पूछे गये सवालों पर यह प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने कहा कि श्री सिद्धू को मुख्यमंत्री का चेहरा बनाना न केवल राष्ट्रीय सुरक्षा के जुड़ा मुद्दा है बल्कि यह देश, पंजाब और पार्टी के लिये कथित तौर पर घातक सिद्ध होगा। पार्टी सिद्धू को प्रदेशाध्यक्ष या जो भी बनाये लेकिन मुख्यमंत्री बनाती है तो वह इसका विरोध करेंगे।

## गुरूद्वारा बंगला साहिब में आगंतुकों के प्रवेश पर रोक

नयी दिल्ली, 18 सितंबर( वार्ता ) दिल्ली के ऐतिहासिक गुरुद्वारा बंगला साहिब में आगंतुकों के प्रवेश पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी गई है। चाणक्यपुरी की सब डिवीजनल मजिस्ट्रेट ( एसडीएम ) गीता ग्रोवर ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। सुश्री ग्रोवर ने गुरुद्वारे में कोरोना संबंधी डीडीएमए ( जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ) की गाइडलाइंस के उल्लंघन का हवाला देते हुए यहां आगंतुकों के प्रवेश पर पाबंदी लगाई है। उन्होंने 'यूनीवार्ता 'को बताया कि नयी दिल्ली जिले में नियमित आधार पर सभी जगहों का निरीक्षण किया जा रहा है। इस दौरान बंगला साहिब गुरुद्वारे में आगंतुकों की काफी भीड़ देखी गई, जबकि धार्मिक स्थलों पर आगुंतकों के प्रवेश की अनुमति नहीं है, उन्हें केवल खोलने की अनुमति है। उन्होंने इस संबंध में अपनी रिपोर्ट पेश करते हुए यह कार्रवाई की है।

## नाले में पड़ा मिला वृद्ध

मुजफ्फरनगर, 18 सितम्बर ( बु. )। नई मंडी क्षेत्र में एक व्यक्ति नाले में पड़ा मिला, उसे उपचार के लिये जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि आज नई मंडी क्षेत्र के बीवीपुर के निकट एक व्यक्ति नाले में पड़ा मिला। कुछ लोगों ने उसे नाले से निकाला। 108 एम्बूलेंस के माध्यम से पीड़ित को उपचार के लिये जिला अस्पताल लाया गया, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। पीड़ित की पहचान बीवीपुर निवासी 60 वर्षीय देवी सिंह पुत्र खुब्बन सिंह के रूप में हुई है।

## नलकूप का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने स्टार्टर व मोटर किया चोरी

मीरांपुर, १८ सितंबर (बु.)। गौरतलब है कि मीरांपुर थाना क्षेत्र के जंगलो में मोटर चोर गिरोह पिछले काफी समय से सक्रिय है। दर्जनो ट्यूबवेलों से बदमाश ट्यूबवेलों से कीमती सामान चोरी कर चुके हैं। किसानों का कहना है कि अज्ञात चोरों द्वारा आए दिन उनके नलकूपों को नुकसान करते रहते हैं। किसान कितना भी चौकन्ना रहे, लेकिन पुलिस की लापरवाही के चलते अज्ञात चोर आसानी से नलकूपों में चोरी कर कीमती सामान लेकर फरार हो जाते हैं। बताया जाता कि चोरों द्वारा यह कीमती सामान भी इसी थाना क्षेत्र के दुकानों पर बिक्री किया जाता है, लेकिन पुलिस को महीनों बीत जाने के बाद भी इस बात की आज तक भनक नहीं लगी और ना ही कोई सफलता हासिल लगी है। किसानों में पुलिस के प्रति भारी रोष व्याप्त है। किसानों का आरोप है कि पुलिस ऐसे मामलों की रिपोर्ट भी दर्ज नहीं करती है, जिस कारण से चोरों के हौसले बुलंद हैं।









# उत्तर प्रदेश में हुआ कानून का राज कायम, गुण्डे, माफियाओं को उतारा गया मौत के घाट : कर्मवीर सिंह

### ❑प्रबुद्ध सम्मेलन में नगर के प्रत्येक वर्ग के बुद्धिजीवियों की भीड़ जुटी, शिक्षक, उद्योगपति, अधिवक्ता, इंजीनियर आदि ने लिया भाग

मुजफ्फरनगर, १८ सितम्बर (बुस.)। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश सहमहामंत्री संगठन कर्मवीर सिंह ने मुजफ्फरनगर के प्रबुद्ध वर्ग से आह्वान किया हैं कि विश्व पटल पर भारत का गौरव बनाये रखने के लिए पीएम मोदी व सीएम योगी को पुनः आशीर्वाद दें। जानसठ रोड स्थित आशीर्वाद बैंकट हाल में खचाखच भरे प्रबुद्ध सम्मेलन कार्यक्रम का शुभारंभ प्रदेश सह महामंत्री संगठन कर्मवीर सिंह, केंद्रीय मंत्री डॉ. संजीव बालियान, राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल एवं जिला प्रभारी सतेन्द्र सिसौदिया ने दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया। इस अवसर पर जिला बार संघ के सचिव अरूण शर्मा, जिला सिविल बार के सचिव बिजेन्द्र मलिक, जी.सी. पब्लिक के प्रधानाचार्य आजादवीर, आर्य एकेडमी स्कूल के डॉयरेक्टर सुघोष आर्य, एसडी इंजीनियरिंग के डॉयरेक्टर एस.एन. चौहान आदि ने अतिथियों का माला व शॉल ओढ़ाकर स्वागत व सम्मान किया। प्रदेश सह संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि आज भारत ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विश्व में अग्रणी स्थान प्राप्त किया है। सैनिकों को सम्मान, आतंकवाद का उन्मूलन, पकिस्तान को विश्व पटल पर आतंकवाद को पोषित करने वाला राष्ट्र घोषित करके, धारा ३७० हटाकर, भगवान श्रीराम का मंदिर बनाकर विश्व पटल पर भारत को गौरवान्वित करने का कार्य किया है। भाजपा के शासनकाल में प्रदेश में कोई दंगा नहीं हुआ। देश की सीमाएं सुरक्षित बनाने का काम किया है। कोरोना काल के दौरान केन्द्र व प्रदेश की भाजपा सरकार ने धैर्य का परिचय देते हुए सर्वोत्तम प्रबंधन किया, जिसके फलस्वरूप कोरोना संक्रमण को रोकने में सफलता मिली। उत्तर प्रदेश में विदेशी व अन्य अन्य प्रदेशों का निवेश, मेडिकल कॉलेज, आईआईटी, आईटीआई कॉलेज, स्थापित कर शिक्षा व शिक्षा की नई नीति लागू करके शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी उपलब्धि हासिल की है। कर्मवीर सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश में कानून का राज कायम करके, बड़े–बड़े माफियाओं की सम्पति को ध्वस्त कर, गुंडे माफियाओं को जेल भेजकर या उनको मौत के घाट उतारकर जनता में कानून के प्रति विश्वास कायम किया है। भाजपा सरकार द्वारा अपराधियों के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस नीति के तहत कार्यवाही करते हुए भ्रष्टाचार मुक्त शासन प्रदान किया गया। भाजपा सरकार में किसानों, मजदूरों एवं व्यापारियों के हितों को ध्यान में रखते विभिन्न कल्याणकारी योजना चलायी जा रही हैं। सरकार की सभी योजनाओं का लाभ पात्र परिवारों को बिना किसी समस्या के समय पर प्राप्त हो रहे है। स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना एवं आयुष्मान भारत योजना के तहत लाखों परिवारों को इसका लाभ प्रदान किया गया। महिलाओं के सम्मान की रक्षा हेतु मिशन शक्ति तथा महिलाओं को स्वावलंबी बनाने हेतु अनेक योजनाएं चलायी गयी हैं। अंत में उन्होंने उपस्थित प्रबुद्ध वर्ग से सरकार की उपलब्धियों एवं कल्याणकारी योजनाओं को जन–जन तक पहुँचाने की अपील की। इस अवसर पर राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि देश मे आतंकवाद समाप्त करने तथा देश की सीमाओं को सुरक्षित करने का कार्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बखूबी कर रहे हैं। प्रबुद्ध वर्ग के शिक्षित व्यापारियों, शिक्षकों, वकीलों, चिकित्सकों, उद्योगपतियों तथा शिक्षित ग्रामीणों का सहयोग हमेशा से भाजपा को प्राप्त होता रहा है और उन्हें आशा है कि आगामी विधान सभा चुनाव में भी इन सभी सम्मानित वर्गों का सहयोग भाजपा को अवश्य प्राप्त होगा। कार्यक्रम का संचालन सदर विधानसभा संयोजक कांति राठी ने किया, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी एवं प्रमुख उद्योगपति भीमसेन कंसल ने की। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला, प्रबुद्ध प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय संयोजक अशोक बाठला, जिला संयोजक भूदेव सिंह, कुंज बिहारी अग्रवाल, अमित गगनेजा, सुरेन्द्र अग्रवाल, रामकुमार सहरावत, डॉ. सुभाषचन्द शर्मा, पूर्व विधायक अशोक कंसल, पूर्व सांसद सोहनवीर सिंह, श्रीमोहन तायल, हर्षवर्धन जैन (अर्चना साड़ीज), एसडी कॉलेज प्रबंधक अखिलेश दत्त, विनोद शर्मा, नीरज शर्मा, अतीश शर्मा, रेणु गर्ग, डॉ सुनीता गौड़, डॉ. सरिता गौड़, गीता जैन, डॉ. एस.सी. कुलश्रेष्ठ, नरेश मलिक, अविनाश त्यागी, डॉ. कंचनप्रभा शुक्ला, प्रेरणा मित्तल, पूर्व छात्र परिषद के पदाधिकारीगण, रोटरी क्लब के पदाधिकारीगण, भारत विकास परिषद के पदाधिकारीगण, सभी स्कूलों व कॉलेजों के प्रधानाचार्य एवं शिक्षकगण, इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के पदाधिकारीगण, बैंक कर्मचारी, आईएमए के चिकित्सक के अलावा भाजपा के समस्त कार्यकर्ता एवं प्रबुद्ध जन उपस्थित रहे।



जीआईसी में होने वाली रैली की तैयारियों का जायजा लेते राकेश शर्मा व अन्य।

## बाबुल सुप्रिया तृणमूल कांग्रेस में शामिल हुए

कोलकाता, 18 सितंबर ( वार्ता ) पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं आसनसोल लोकसभा सीट से सांसद बाबुल सुप्रियो शनिवार को पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस में शामिल हो गए। हाल ही में भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता से त्यागपत्र देने वाले श्री सुप्रियो को तृणमूल कांग्रेस महासचिव अभिषेक बनर्जी और राज्य सभा सांसद डेरेक ओ ब्रायन की मौजूदगी में पार्टी में शामिल किया गया और पार्टी की सदस्यता दी गयी। इससे पहले श्री सुप्रियो मोदी सरकार में शहरी विकास, पर्यावरण, जलवायु परिवर्तन और वन राज्य मंत्री रह चुके हैं। हाल ही में हुए केंद्रीय मंत्रिमंडल विस्तार में उन्हें मंत्री पद से हटाया गया था।



## बुढ़ाना में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट निर्माण का कार्य शुरू

बुढ़ाना, 18 सितम्बर ( बु. )। आज शनिवार के दिन परियोजना प्रबन्धक नगर कार्य ईकाई प्रवीण कुट्टी एवं परियोजना अभियन्ता रविकान्त के आदेशानुसार बुढ़ाना कस्बे के श्मशान घाट के पास हिंडन नदी के किनारे सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का कार्य शुरू कर दिया गया है, जिसके क्रम में आज एसबीआर के सलेक्टर जोन की दीवार का निर्माण कार्य किया गया। इस निर्माणाधीन कार्य ( एसटीपी 10 एमएलडी ) का निरीक्षण जल निगम से सहायक परियोजना अभियन्ता अजय कुमार आर्य एवं एजिस इंजीनियर्स लिमिटेड से विवेक कुमार वर्मा के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

# जीआईसी मैदान में आज होगा ब्राह्मण समाज का महाकुम्भ

### ❑सम्मेलन की तैयारियों का जायजा लेने पहुंचे राकेश शर्मा

मुजफ्फरनगर, 18 सितम्बर ( बु. )। जीआईसी मैदान रविवार को एक बार फिर इतिहास बनाने की ओर है। आज समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता राकेश शर्मा द्वारा ब्राह्मण महासम्मेलन के बूते शक्ति प्रदर्शन कर रहे हैं, जिसमें सहारनपुर मंडल के सभी जनपदों से ब्राह्मण समाज के प्रबुद्ध लोग सम्मेलन में पहुंचेंगे, जिसे लेकर जीआईसी मैदान में तैयारियां की शनिवार देर रात्रि तक जारी रही। इससे पूर्व तैयारियों का जायजा लेने पहुंचे सपा नेता राकेश शर्मा व जिलाध्यक्ष प्रमोद त्यागी एड. के साथ अन्य कई नेताओं द्वारा कार्यकर्ताओं को जरुरी निर्देश दिए। परशुराम चेतना पीठ द्वारा सपा नेता राकेश शर्मा के नेतृत्व में ब्राह्मण समाज के लोगों ने आज यानि रविवार को होने वाले राजकीय इंटर कॉलेज के मैदान में विशाल महासम्मेलन में जनपद के साथ सहारपुर मंडल के अन्य जनपदों से भी भारी भीड़ के यहां आने की संभावनाएं जताई जा रही हैं, जिसके लिए आयोजकों द्वारा दिन रात मेहनत की गई। इस संबंध में सपा नेता राकेश शर्मा ने बताया कि भगवान श्री परशुराम जी के सम्मान में होने वाले इस ब्राह्मण महासम्मेलन में में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष माता प्रसाद पाण्डेय, पूर्व मंत्री अभिषेक मिश्रा, मनोज पाण्डेय, संतोष पाण्डेय, सनातन पाण्डेय और पवन पाण्डेय को आमंत्रित किया है। उन्होंने बताया कि प्रदेश की समाजवादी पार्टी ने लखनऊ में भगवान परशुराम जी की 108 फुटी प्रतिमा स्थापित किए जाने के लिए कमैटी का गठन किया है। उसी संदर्भ में समाजवादी पार्टी का ब्राह्मण महासम्मेलन आयोजित किया गया है। उन्होंने दावा किया कि सहारनपुर मंडल के समाजवादी पार्टी के ब्राह्मणों से अपील की कि वें भारी संख्या में इस सम्मेलन में उपस्थित होकर अपनी उपस्थिति भी दर्ज कराये। उन्होंने कहा कि महासम्मेलन में अन्य पार्टियों से जुड़े ब्राह्मण भी अपनी उपस्थिति दर्ज करा सकते है, क्योंकि समाजवादी पार्टी ने भगवान परशुराम जी की मूर्ति स्थापित कर ब्राह्मणों के इष्ट की पूजा की पहल की। उन्होंने दावा किया कि ब्राह्मण महासम्मेलन में जनपद के साथ अन्य जनपदों से हजारों की संख्या में ब्राह्मण समाज के लोग पहुंचेंगे।

## पिता ने चार बेटियों की जहर देकर की हत्या, खुद ने आत्महत्या का प्रयास

बाड़मेर 18 सितंबर ( वार्ता ) राजस्थान में सरहदी बाड़मेर जिले के शिव थाना क्षेत्र के पोशाल गांव में एक कलयुगी पिता ने आज अपनी चार पुत्रियों की जहर देकर हत्या करने के बाद में खुद ने ख़ुदकुशी करने का असफल प्रयास किया। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस दल थानाधिकारी ओमप्रकाश विश्नोई के नेतृत्व में घटनास्थल पहुंचा और मौका मुआयना कर घायल पिता को राजकीय अस्पताल बाड़मेर उपचार के लिए भर्ती कराया। थानाधिकारी ओमप्रकश विश्नोई ने बताया की पूषड गांव निवासी 30 वर्षीय पुरखाराम की पत्नी की कुछ माह पूर्व कोरोना से मौत हो गयी थी। पत्नी की मौत के बाद से पुरखाराम दूसरी शादी की फ़िराक में था। पुरखाराम के चार बेटियां हैं, पुरखाराम ने आज आठ वर्षीय जियां,छह वर्षीय हीना, चार वर्षीय भोजों और डेढ़ वर्षीय लिस्की को जहर देकर घात उतार दिया। बाद में वह खुद भी जहर खाकर पानी के टांकें में कूद गया।

## नगर मजिस्ट्रेट ने संभाला अब डीपीओ का प्रभार

मुजफ्फरनगर, 18 सितम्बर( बु. )। कलेक्ट्रेट प्रांगण स्थित जिला प्रोबेशन विभाग में बीते दिनों हुई शिकायत के बाद डीपीओ को हटाए जाने के बाद डीएम चन्द्र भूषण सिंह ने इसका जिम्मा नगर मजिस्ट्रेट अभिषेक कुमार सिंह को सौंपा है। कई दिन पूर्व डीपीओ मौ. मुफतेशीन को हटाए जाने के बाद प्रभारी प्रोबेशन अधिकारी अभिषेक कुमार सिंह शनिवार को उन्होंने जिला प्रोबेशन विभाग कार्यालय में पहुंचकर अधीनस्थों से वार्ता की और जिला प्रोबेशन के कार्यो का अवलोकन करते हुए लंबित पत्रावलियों के निस्तारण किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वें जिला प्रोबेश्सन विभाग से जुड़े कार्यो का अवलोकन व विश्लेषण करने के साथ ही अन्य व्यवस्थाओं को दुरूस्त किए जाने के लिए दृढ़ प्रतिज्ञ है और जन सेवा से जुड़े विभाग में होने वाले कार्यो का सुबह निस्तारण किए जाने के साथ ही पूरे स्टॉफ की उपस्थिति पर भी विशेष रूप से ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि कार्यालय में वक्त पर न आने वाले कर्मचारियों पर भविष्य में कड़ी कार्यवाही भी की जाएगी। नगर मजिस्ट्रेट ने बताया कि किसी तरह की भी जिला प्रोबेशन विभाग में भविष्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। बता दें, छपार थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती का एक युवक के साथ काफी दिनों से प्रेम प्रसंग में पुलिस के दखल के बाद वन स्टॉप प्रभारी को सौंपी गई युवती को उसके प्रेमी के साथ बालिग होने के चलते भेज दिए जाने के बाद परिजनों ने इस मामले में शिकायत डीएम से की थी। डीएम ने इस शिकायत के आधार पर तत्काल प्रभाव से कार्रवाई करते हुए जिला प्रोबेशन अधिकारी रहे मौ. मुशफेकिन को डीपीओ के चार्ज से हटाने के साथ ही नगर मजिस्ट्रेट अभिषेक कुमार सिंह को डीपीओ का चार्ज सौंप दिया था। वहीं वन स्टॉफ सैंटर प्रभारी को भी बर्दाश्त कर दिया था।

## मामा के घर आई युवती से घर में घुसकर छेड़छाड़

भोपा, 18 सितम्बर ( बु. )। भोपा थाना क्षेत्र के एक गांव में अपने मामा के घर आई युवती से दो युवकों ने घर में घुसकर छेड़छाड़ शुरू कर दी और परिजनों के विरोध करने पर तमंचा दिखाकर जान से मारने की धमकी दी। परिजनों ने एक युवक को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया है। पीड़ित ने थाने पहुंचकर कार्यवाही की गुहार लगाई है। भोपा थाना क्षेत्र के एक व्यक्ति ने थाने पर दी तहरीर में बताया कि लगभग 4 दिन पहले वह अपनी भांजी को अपने घर लेकर आए थे। शनिवार को युवती अपने मामा के घर पर थी, तभी तितावी थाना क्षेत्र के बघरा निवासी दो युवक घर में घुस आए और युवती से छेड़खानी करने लगे। जब परिजनों ने मामले का विरोध किया, तो उक्त दोनों युवकों ने तमंचे निकाल लिए और परिवार के साथ गाली गलौच करते हुए मार-पिटाई शुरू कर दी। जब परिजनों ने उनका विरोध किया और उन्हें पकड़ने की कोशिश की, तो एक युवक मौके से भाग निकला और दूसरे युवक को परिजनों ने ग्रामीणों की मदद से मौके पर ही पकड़ लिया और कमरे में बंद कर दिया। मामले की सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक को हिरासत में ले लिया। पीड़ित ने बताया कि वे लोग उन्हें जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। पीड़ित ने जान-माल की सुरक्षा की गुहार लगाते हुए थाने पर तहरीर देते हुए कार्यवाही की मांग की है।

## सड़क दुर्घटना में मां बेटे सहित चार घायल

भोपा, 18 सितम्बर ( बु. )। भोपा क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर हुई सड़क दुर्घटना में मां बेटे सहित चार लोग घायल हो गए हैं। सभी घायलों को गंभीर हालत के चलते जिला चिकित्सालय रैफर किया गया है। शनिवार को गांव रामराज निवासी शुभम बाइक पर सवार होकर अपनी माता राजबाला के साथ पुरकाजी थाना क्षेत्र के गांव तुगलकपुर अपनी बहन के यहां जा रहा था। जैसे ही वह निरगाजनी पंचक्की के पास पहुंचे, तो अचानक बाइक का संतुलन बिगड़ गया और वह गंग नहर किनारे बने डिवाइडर से जा टकराये। दुर्घटना में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। राजबाला को गंभीर चोट आई है। राहगीरों व पुलिस द्वारा घायलों को भोपा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला चिकित्सालय रैफर कर दिया। राजबाला की हालत चिंताजनक बनी हुई थी। उधर, कस्बे की ही दूसरी घटना में भोपा निवासी मोहित वह सौरभ बाइक पर सवार होकर बस स्टैंड की ओर जा रहे थे, जैसे ही वह थाने के निकट पहुंचे, तो मुजफ्फरनगर की ओर से आ रही पिकअप चालक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे दोनों घायल हो गए। दोनों घायलों को भोपा सीएचसी भेजा गया, जहां से दोनों को ही चिकित्सकों ने जिला चिकित्सालय के लिए रैफर कर दिया था।

## साइबर हेल्पलाइन ने वापस दिलाई लाखों की रकम

मुजफ्फरनगर, 18 सितम्बर ( बु. )। साइबर अपराधियों द्वारा ठगी गई लाखों की रकम को साइबर हेल्प सेंटर ने पीड़ितों को वापस दिला दी। पुलिस सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि चरथावल थाना क्षेत्र के गांव नगलाराई निवासी आबिद हुसैन पुत्र अब्दुल मजीद ने साइबर हेल्प सेन्टर को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि अज्ञात साइबर ठग द्वारा फर्जी क्रेडिट कार्ड अधिकारी बनकर उससे ओ.टी.पी. नम्बर प्राप्त कर उसके खाते से एक लाख 10 हजार रुपये स्थान्तरित करा लिए हैं। साइबर हेल्प सेन्टर द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए एस.बी.आई. क्रेडिट कार्ड नोडल अधिकारी को इस फ्रॉड से अवगत कराकर सम्पूर्ण धनराशि को पीड़ित के खाते में वापस कराया गया। एक अन्य मामले में लद्दावाला निवासी मौहम्मद जिशान पुत्र मौहम्मद इरशाद ने साइबर हेल्प सेन्टर को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि अज्ञात साइबर ठग द्वारा परिचित बनकर मनी रिक्वेस्ट लिंक के माध्यम से उसके खाते से 6 हजार रुपये स्थान्तरित करा लिए हैं। साइबर हेल्प सेन्टर ने तत्काल कार्यवाही करते हुए कैश फ्री को फ्रॉड से अवगत कराकर सम्पूर्ण धनराशि को पीड़ित के खाते में वापस कराया गया।

एस.डी. कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टैक्नोलॉजी
जानसठ रोड, मुजफ्फरनगर
(1997 से संचालित)
पॉलिटैक्निक डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में सत्र 2021-22 हेतु प्रवेश
● कम्प्यूटर साइन्स एण्ड इंजीनियर
● इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग
● सिविल इंजीनियरिंग
● मैकेनिकल इंजीनियरिंग (प्रोडक्शन)
AICTE Approved अन्य पाठ्यक्रम
M.Tech
B.Tech
MBA
विशेष
• इंजीनियरिंग शिक्षा हेतु प्रदेश की अग्रणी संस्था।
• सर्वोत्तम शिक्षक एवं लैब सुविधा।
• स्कॉलरशिप व फीस प्रतिपूर्ति योजना प्रभावी।
• कैम्पस व ऑफ कैम्पस प्लेसमेंट में भी उत्तम।
• छात्रों को मैरिट आधारित स्कॉलरशिप
• अनुशासित शैक्षणिक वातावरण।
सम्पर्क :- मोबाइल नम्बर : 9319408828, 9410620017
ईमेल- sdengg@rediffmail.com, वेबसाइट- sdcetmzn.org



शुक्रताल के बिहारीगढ़ में स्थित अपना घर आश्रम व स्थापना दिवस कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य लोग।



# दीनहीन की वास्तविक सेवा करने वाले 'अपना घर आश्रम' का तृतीय स्थापना दिवस सम्पन्न

शुक्रताल, १८ सितम्बर (बुस.)। शुक्रवार को विधि–विधान से सम्पन्न हुआ अपना घर आश्रम के भूमि पूजन का कार्यक्रम। शुक्रताल के निकट ग्राम बिहारीगढ़ में पहले से ही १२५ बैड का चलाया जा रहा है आश्रम अब बैडों की संख्या ४०० करने के लिए भवन निर्माण का हुआ भूमि पूजन। आश्रम के साथ–साथ ३५० बच्चों की क्षमता वाला कक्षा नर्सरी से कक्षा ५ तक का सन्मति शिक्षा सदन का भी किया जा रहा निःशुल्क संचालन।

मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार को अपना घर आश्रम का विस्तार करने के लिए भूमि पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम गुरूजी की आरती, तदोपरान्त अपना घर आश्रम पर आधारित एक डॉक्यूमेंट्री दिखाई गयी। कार्यक्रम के दौरान सर्वप्रथम दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। बाद में डॉ. बीएम भारद्वाज संस्थापक माधुरी ब्रिज वारिस सेवा सदन व एनपी सिंह (आईएएस) ने विस्तार से अपना घर आश्रम के बारे में जानकारी दी। उन्होंने शुक्रताल अपना घर आश्रम के कार्यों की प्रशंसा करते हुए सभी को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी और बताया कि अपना घर आश्रम एक ऐसा स्थान है, जहां राह चलते बेसहारा, दीनहीन लोगों को भी रहने का स्थान उपलब्ध कराया जाता है। अपना घर आश्रम की सबसे बेहतर बात यह है कि उक्त आश्रम में मंदबुद्धि, अपंग एवं घर से कई वर्षों से दूर सड़कों पर घूम रहे लोगों को भी स्थान मिलता है। बस उक्त लोगों को कोई जिम्मेदार व्यक्ति अपना घर आश्रम पर जिम्मेदारी के साथ छोड़ जाने वाला होना चाहिए। अपना घर आश्रम की सेवा कई शहरों, राजधानी दिल्ली, राजस्थान, भरतपुर, बझेरा आदि सैंकड़ों स्थानों पर चल रही है। मुजफ्फरनगर ही से सटे शामली में भी पूर्व चेयरमैन राजेश्वर बंसल द्वारा भी अपना घर आश्रम संचालित किया जा रहा है। बड़ी बात यह है कि अपना घर आश्रम से जुड़े लोग जब एक बार आश्रम में आकर यहां रहने वाले लोगों की सेवाएं देखते हैं तो आश्चर्यचकित रह जाते हैं। अपना घर आश्रम में रहने वाले लोगों को प्रभुजी के नाम से पुकारा जाता है और उनकी सेवा का कार्य भी ईश्वर मानकर ही किया जाता है। आश्रम संचालकों ने बताया कि यहां पर जब प्रभुजी भर्ती के लिए आते हैं तो कोई कई दिनों तक नहाया नहीं होता, तो कोई मैले कुचले, महीनों पुराने कपड़े पहने भर्ती कराया जाता है मगर कभी भी आश्रम के कार्यकर्ताओं ने इस बात से संकोच नहीं किया कि कैसे उन्हें नहलाना है, स्वयं उन्हें नहलाने, कपड़े पहनाने व अपने हाथों से भोजन कराने तक का कार्य सेवादारों द्वारा किया जाता है। वरिष्ठ पदाधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि आश्रम की स्थापना १७ सितम्बर २०१८ को षष्टम पट्टाचार्य राष्ट्र ऋषि सिंहरथ प्रवर्तक त्रिलोक तीर्थ प्रेरता प.पू. आचार्य विद्याभूषण सन्मति सागर महाराज के आशीर्वाद से उनके परम शिष्य विनोद गोयल व उनके परिवार ने की थी। अभी तक आश्रम में १२४ प्रभुजी का निवास था, लेकिन अब अपने लक्ष्य को बढ़ाते हुए समाजसेवियों के सहयोग से ४०० बैड करने हेतु भवन निर्माण कार्य किया जा रहा है। इतना ही नहीं आश्रम द्वारा सन्मति शिक्षा सदन जोकि ३५० बच्चों की क्षमता वाला विद्यालय है, जिसमें नर्सरी से कक्षा ५ तक के बच्चे पढ़ते हैं, जहां उन्हें निशुल्क शिक्षा, किताबें, स्कूल यूनीफॉर्म व भोजन की व्यवस्था कराई जाती है। जीव दया की दृष्टि से भी गौ माता की सेवा उक्त आश्रम में की जा रही है। कार्यक्रम में विनोद गोयल (संस्थापक अपना घर आश्रम), डॉ. बी. एम. भारद्वाज (संस्थापक माँ माधुरी बृज वारिस सेवा सदन, अपना घर संस्था, बंझेरा, भरतपुर, राजस्थान), एन.पी. सिंह (आई.ए.एस), मुकेश मित्तल, सरिता जिंदल, किरण झावर आदि मौजूद रहे।

## जन्मदिन व शादी की वर्षगांठ के अवसर पर असहायों को भोजन कराने का सबसे बेहतर स्थान है अपना घर आश्रम

शुक्रताल, १८ सितम्बर (बुस.)। जन्मदिन व शादी की सालगिरह पर लोग हजारों रुपये खर्च करने लगे हैं, मगर आज भी ऐसी सोच के लोग जीवित हैं जो अपने, अपने बच्चों व परिवार के बुजुर्गों के जन्मदिवस व शादी की सालगिरह के अवसर पर ऐसे स्थान ढूंढते हैं जहां निःस्वार्थ भाव से गरीबों की सेवा की जाती है। शुक्रताल के निकट बिहारीगढ़ में भी लोग बढ़–चढ़कर उक्त गरीबों को भोजन कराने का कार्य करते हैं। अपना घर आश्रम से जुड़े लोग यह कार्य खामोशी के साथ बिना शोर मचाए करते रहते हैं। चुपचाप जन्मदिवस व शादी की सालगिरह की एडवांस बुकिंग अपना घर आश्रम में भोजन कराने हेतु, कपड़े बांटने हेतु होती दिखाई पड़ती है। दानीदाताओं का मानना है कि अपना घर आश्रम में उन्हें दान करके आत्मिक शांति इसलिए महसूस होती है, क्योंकि उक्त आश्रम में सभी लोग दीनहीन व असहाय मौजूद हैं। कुल मिलाकर शुभअवसरों पर गरीबों की सेवा करने का यह सर्वोत्तम स्थान है।

## जनपद के पांच केंद्रों पर शुरू हुई अंकसुधार बोर्ड परीक्षा

मुजफ्फरनगर, 18 सितम्बर ( बु. )। यूपी बोर्ड हाईस्कूल और इंटर की अंक सुधार परीक्षा शनिवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था एवं सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में शुरू हो गई। जिले के 5 परीक्षा केन्द्रों पर होने वाली उक्त परीक्षा में हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के सैंकड़ों अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था, जिनमें से हाईस्कूल की परीक्षा के लिए पंजीकृत 766 में से 508 अभ्यर्थियों ने प्रथम पाली में परीक्षा दी और 258 ने इस बीच परीक्षा किन्हीं कारणों से छोड़ दी। वहीं शनिवार को जिले के 5 परीक्षा केन्द्रों में दूसरी पाली में संपन्न परीक्षा में अनेक अभ्यर्थियों ने परीक्षा से किनारा कर लिया। अंक सुधार परीक्षा दो पाली में हुई, जिसमें पहली पाली सुबह आठ से 10.15 बजे एवं दूसरी पाली दोपहर दो से शाम सवा चार बजे तक संपन्न की गई। पहले दिन हाईस्कूल और इंटर के छात्रों के लिए हिन्दी विषय की परीक्षा कड़ी निगरानी में संपन्न हुई। इस दौरान जनपद मुख्यालय स्थित राजकीय इंटर कॉलेज में बनाए कंट्रोल रूम का भी अधिकारियों ने निरीक्षण किया।

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा आयोजित अंक सुधार परीक्षा के प्रथम दिन प्रथम पाली में जनपद के पांच परीक्षा केंद्रों में हाईस्कूल की हिंदी विषय की परीक्षा में कुल 766 पंजीकृत परीक्षार्थियों के सापेक्ष 508 परीक्षार्थी उपस्थित हुए तथा 258 अनुपस्थित रहे। इस संबंध में डीआईओएस गजेन्द्र कुमार ने बताया कि शनिवार को पहले दिन सचल दल द्वारा राजकीय इंटर कॉलेज सरकूलर रोड, आर्य समाज रोड स्थित डीएवी इंटर कॉलेज तथा राजकीय इंटर कॉलेज स्थित जनपद स्तरीय कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि दोनों पालियों में उक्त परीक्षा शांतिपूर्वक और नकलविहीन संचालित हुई। इस दौरान उन्होंने बताया कि बीते माह यूपी में 31 जुलाई को बिना परीक्षाओं के यूपी बोर्ड के द्वारा मूल्यांकन नीति बनाकर छात्र-छात्राओं को प्रमोट किया था।





# कैलाश मानसरोवर यात्रा समिति द्वारा अखण्ड सुंदर कांड महायज्ञ सम्पन्न

मुजफ्फरनगर, १८ सितम्बर (बु.)। शनिवार को नई मण्डी के रामलीला मैदान में कैलाश मानसरोवर यात्रा समिति एवं श्रीखण्ड कैलाश यात्रा समिति के प्रतिनिधियों की अगुवाई में अखण्ड रामायण पाठ का आयोजन किया गया। उक्त आयोजन के दौरान सैंकड़ों लोगों ने भाग लिया। सूर्योदय से चले उक्त सुंदर काण्ड यज्ञ में पूरा दिन आहुतियां दी गयी। सूर्यास्त के समय पूर्ण आहुति देकर यज्ञ का समापन किया गया। शहर में पहली बार ऐतिहासिक सुंदर काण्ड यज्ञ का आयोजन सम्पन्न कराया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अखिल भारतीय कैलाश मानसरोवर यात्रा समिति के अध्यक्ष सतीश कुमार रहे। उनके साथ अन्य सन्त–महात्मा भी यज्ञ का शुभारम्भ कराने के लिए श्रीराम लीला मैदान पहुंचे। यज्ञ की खास बात यह रही कि एक मिनट के लिए भी यज्ञ में आहुति नहीं रोकी गयी। यज्ञ लगातार लगभग १४ घंटे के लिए चलाया गया। इसी के साथ–साथ यज्ञ में आहुति देने वाले महिलाओं एवं पुरुषों को धोती कुर्ता, कुर्ता पायजामा, सलवार सूट पहनकर ही यज्ञ में आहुति देने की इजाजत दी गयी। पैंट, जींस–टॉप पहनकर यज्ञ में शामिल होने वालों को आहुति देने से मना कर दिया गया। पूर्णाहुति के दौरान महाआरती कर यज्ञ को सम्पन्न कराया गया। कार्यक्रम संयोजक एवं समन्वयक प्रेमप्रकाश अरोरा व उनके विशेष सहयोगियों द्वारा उक्त कार्यक्रम की व्यवस्था संभाली गयी। यज्ञ में संचालक राकेश तनेजा, संजय अरोरा, राजकुमार अग्रवाल, सत्यपाल शर्मा, पवन सिंह पुण्डीर एडवोकेट, ब्रजमोहन वर्मा, वह सहायकों में केवल कृष्ण अरोरा, राजीव गर्ग, वेदपाल वरुण कुमार, अश्वनी रहेजा, पंकज, आनन्द शर्मा, मोनू कारीगर, मनमोहन जैन, राजीव जैन, डॉ. धर्मेन्द्र सिंह, संजय मित्तल अध्यक्ष रामलीला कमैटी, श्री श्री गोलोकधाम, श्री कृष्ण गौशाला आदि से गणमान्य नागरिक विराजमान रहे। यज्ञ में आहुति देने मुजफ्फरनगर बुलेटिन सम्पादक अंकुर दुआ सत्पनीक शामिल रहे।